दिनांकः 29.09.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रांची में प्रवासी राजस्थानियों के साथ बैठक कर प्रदेश में निवेश के लिए किया आमंत्रित।
- प्रदेश में राष्ट्रीय लोक अदालत में करीब तीस लाख मामलों का राज़ीनामे से हुआ निस्तारण।
- विश्व हृदय दिवस आज–इस बार का विषय, यूज़ हार्ट फॉर एक्शन।

..........................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 114वीं कड़ी होगी। ये कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन. ए.आई.आर. मोबाइल एप पर प्रसारित किया जाएगा। इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सुना जा सकता है। प्रदेश में कार्यक्रम को सामूहिक सुनने और सजीव प्रसारण के लिए कई जगहों पर व्यवस्था की गई है। प्रदेश भाजपा की ओर से विभिन्न स्थानों पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई गई हैं।

..........................................................

प्रदेश में दिसम्बर महीने में होने जा रहे राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के सिलसिले में राज्य सरकार अब देश के विभिन्न राज्यों में बसे राजस्थानी उद्यमियों से सम्पर्क साधने में जुटी है। इस कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कल झारखंड की राजधानी रांची में प्रवासी राजस्थानी समुदाय के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों को राजस्थान में निवेश के लिए आमंत्रित किया और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। श्री शर्मा ने झारखंड में रहने वाले राजस्थानी समुदाय के नेताओं और व्यापारिक जगत के लोगों से प्रदेश में कारोबार करने और अपनी जड़ों से जुड़ने का आह्वान किया। सम्मेलन का आयोजन राजस्थान फाउंडेशन द्वारा झारखंड मारवाड़ी प्रांतीय संस्था के सहयोग से किया गया था।
कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार और कई राजस्थानी उद्योग पति मौजूद रहे। गौरतलब है कि प्रदेश में औद्योगिक निवेश बढाने के लिए 9 से 11 दिसम्बर तक जयपुर में राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित की जाएगी। इस सिलसिले में इन दिनों राज्य सरकार देश दुनिया में उद्यमियों से सम्पर्क साध कर उन्हें निवेश के लिए आकर्षित करने में जुटी हुई है।

..........................................................

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत प्रदेशभर में कई गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में आज जयपुर जिला कलेक्टर कार्यालय और विभिन्न शाखाओं में स्वच्छता कार्यक्रम रखा गया है। जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर कर्मचारी आज अपने कार्यालयों में सफाई करेंगे और अनावश्यक सामग्री का निस्तारण करेंगे। जयपुर ग्रामीण में कल अवकाश के दिन भी पंचायत समितियों, तहसील कार्यालयों और अन्य दफ्तरों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने श्रमदान किया। इस दौरान मच्छर पनपने वाले स्थानों पर विशेष रूप से सफाई की गई।
पाली में अभियान के तहत आज बांगड़ अस्पताल में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संखा में विभिन्न संगठनों से जुडे कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर में साफ–सफाई की। इस कड़ी में जोधपुर के पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय में वायु सेना की ओर से कार्यक्रम रखा गया। इसमें एनसीसी कैडेट्स ने चित्रों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया।
राज्य में स्वच्छता ही सेवा अभियान के दौरान साफ सफाई और सुव्यवस्था में उत्कृष्ट आने वाले पशु चिकित्सा संस्थानों को जिला और राज्य स्तर पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। 4 अक्टूबर

को विश्व पशु कल्याण दिवस पर राज्य स्तर पर 10 चिकित्सा संस्थानों को और जिला स्तर पर 3 संस्थानों को सम्मानित किया जाएगा।

............................................................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको बता रहे हैं, गौवंश संस्थाओं के लिए सरकार द्वारा किये गये प्रयासों के बारे में।

............................................................

प्रदेश में कल लगाई गई राष्ट्रीय लोक अदालत में 29 लाख 78 हजार से अधिक प्रकरणों को राजीनामे के जरिये निपटाया गया। इनमें साढे पांच लाख लम्बित मामले और 24 लाख से अधिक प्री लिटिगेशन स्तर के प्रकरण शामिल हैं। इसके लिए राजस्थान हाईकोर्ट और अधीनस्थ अदालतों में कुल 514 बेंच का गठन किया गया था। इस दौरान कुल 11 अरब 62 करोड़ 38 लाख रूपए से अधिक की राशि के अवॉर्ड पारित किए गए। उच्च न्यायालय की जोधपुर मुख्य पीठ में 262 तथा जयपुर पीठ में 570 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित इस साल की ये तीसरी लोक अदालत थी।

इस राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर और जयपुर पीठ सहित प्रदेश के सभी जिला तथा मजिस्ट्रेट न्यायालयों, अधिकरणों, आयोगों, उपभोक्ता मंच और राजस्व न्यायालयों में किया गया।

............................................................

आज विश्व हृदय दिवस है। हृदय रोगों की रोकथाम और इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 29 सितम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। इस बार विश्व हृदय दिवस का विषय है—यूज़ हार्ट फॉर एक्शन। इस अवसर पर देश प्रदेश में विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने आज नई दिल्ली में इंडिया गेट से तीन किलोमीटर की मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने लोगों से अपने हृदय को रोगों से बचाने के लिए जागरुक रहने की भी अपील की।

............................................................

प्रदेश में आगामी सप्ताह से मॉनसून की विदाई शुरू होने की संभावना है। पश्चिम राजस्थान के साथ ही पूर्वी और दक्षिण इलाकों में भी आगामी दो तीन दिन के बाद बारिश का दौर थम जाने की उम्मीद है। फिलहाल दक्षिणी पूर्वी जिलों में मानसून की रंगत बनी हुई है। उदयपुर और कोटा संभाग के जिलों में बीते 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर अच्छी बारिश के समाचार हैं। डूंगरपुर में चार इंच बारिश से निचले इलाकों में पानी भर गया। सबसे ज्यादा 92 मिलीमीटर बारिश जिले के काबा में दर्ज की गई। बांसवाड़ा, बारां, कोटा, डूंगरपुर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झालावाड़, प्रतापगढ़ और उदयपुर में भी बारिश हुई।

इस बीच, पश्चिमी जिलों में तापमान के बढने का क्रम जारी है। सरहदी जिलों में दिन में तेज धूप खिलने लगी है। जैसलमेर में दिन का तापमान 40 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इस बीच, मौसम विभाग ने आज कोटा, उदयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में बादल गरजने के साथ हल्की बरसात की संभावना जताई है।

............................................................

मॉनसून सीजन के बाद प्रदेश के अभ्यारण्य पर्यटकों के लिए एक अक्टूबर से फिर खुल जाएंगे। इस सिलसिले में वन विभाग तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा है। अलवर और सवाईमाधोपुर में पर्यटन व्यवसायियों ने होटलों में सुविधाओं और सेवाओं में बढोतरी की है। हमारे सवाईमाधोपुर संवाददाता ने बताया कि रणथम्भौर राष्ट्रीय उद्यान में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

............................................................